卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 236 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦3 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## ट्रेन हादसे में अब तक 280 की मौत, 900 घायल

बालासोर (उद ब्यूरो)। ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के आपस में टकराने से अभी तक 280 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 900 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। हादसे के बाद बचाव और राहत का कार्य जारी है। रेल मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। हादसे की वजह से कई ट्रेनें आज कैंसिल हो गई हैं। हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि आउटर लाइन पर मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से आ रही कोरोमंडल ट्रेन (जो कि चेन्नई जा रही थी) 300 मीटर पर पहले डिरेल हो गई। कोरोमंडल ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और कोरोमंडल ट्रेन की पीछे वाली बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरी और तीसरे ट्रैक पर तेजी से आ रही यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रैक पर गिरे बोगियों से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। हादसे के दौरान धमाके की आवाज करीब पांच किमी दूर तक सुनाई दी। देश (शेष पृष्ठ सात पर)



### धामी ने जताया दुख, कार्यक्रम किये रद्द

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उड़ीसा में हुई रेल दुर्घटना गहरा दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा सभी के लिए बेहद कष्टकारी है। इस हादसे के चलते सीएम धामी ने चंपावत में अपने विधानसभा चुनाव की जीत के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम और रोड शो निरस्त कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने हादसे में हताहत यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## कुत्ते का पट्टा मासूम के लिए बना काल

### गले में फंदा लगने से 12 साल के बच्चे की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। 12 साल के मासूम के लिए कुत्ते का पट्टा मौत का फंदा बन गया। बच्चे ने यह पट्टा दरवाजे के ऊपर से फेंका तो इसका एक छोर कुंडे में अटक गया। दूसरा छोर उसने अपने गले में डाल लिया। आशंका है कि बच्चे का पैर फिसला और पट्टे से गले में फंदा लगने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना पटेलनगर के मेहूंवाला की है। यहां पर ऑटो चालक कुलदीप सिंह अपने पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा कार्तिक 12 साल का था और 10 साल की बेटी है। कुलदीप शुक्रवार सुबह ऑटो लेकर घर से चले गए थे। शाम को उनकी पत्नी भी बाजार चली गई। घर में कार्तिक और उसकी बहन ही मौजूद थी। दोनों घर के बेडरूम में खेल रहे थे। इसी बीच कार्तिक ने कुत्ते का पट्टा उठाया (शेष पृष्ठ सात पर)




## रोडवेज बस पलटने से एक दर्जन यात्री घायल

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार देर रात रामनगर से दिल्ली जा रही उत्तराखंड परिवहन निगम की बस नेशनल हाईवे 309 ग्राम टांडा के समीप एक डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई जिसके बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस व ग्रामीणों की मदद से बस में सवार यात्रियों को 108 एंबुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सकों द्वारा घायलों को उपचार करने के बाद हरी चंद्रा निवासी नया गांव की हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया बाकी अन्य घायलों को उपचार देने के (शेष पृष्ठ सात पर)





## कार खाई में गिरने से छह लोग घायल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। दन्या जा रही एक कार सुआखान और धसपड़ के बीच अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार 6 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें सीएससी धौलादेवी में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल एक लड़की को हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अल्मोड़ा के दन्या निवासी एक परिवार देहरादून से अपने घर को निकले थे। काठगोदाम पहुंचने के बाद उन्होंने घर से अपनी कार मंगाई और ऑल्टो कार संख्या यूके 01सी1712 में सवार होकर दन्या की ओर रवाना हुए। सुवाखान से धसपड के पास पहुंचते ही चालक को झपकी आ गई। जिसके बाद कार करीब 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। कार में 6 लोग सवार थे। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने दन्या थाने को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चला कार में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कार चालक शंकर सिंह गैडा पुत्र राम सिंह, मोहन सिंह गैड़ा पुत्र त्रिलोक सिंह, प्रेमा पत्नी मोहन गैड़ा, हेमू और हर्ष और वैष्णवी आदि (शेष पृष्ठ सात पर)



## गरीबों को उजाड़ने के खिलाफ सीएम का पुतला फूंका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिले में अतिक्रमण के नाम पर किसानों, व्यापारियों और मजदूरों को उजाड़े जाने के खिलाफ कांग्रेसियों ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंका। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पुनर्वास से पहले अतिक्रमण हटाया गया तो जिले में बड़ा जन आंदोलन किया जायेगा।कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में दर्जनों कांग्रेसी यहां डीडी चौक पर एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने अतिक्रमण के नाम पर गरीबों, व्यापारियों और किसानों को उजाड़े जाने का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला आग के हवाले किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि गरीबों को बिना पुनर्वास के उजाड़ना हिटलरशाही का परिचायक है। उन्होंने कहा कि तराई में हजारों लोग दशकों से सिचाई विभाग या वन विभाग की भूमि पर काबिज हैं। तमाम लोगों की रोजी रोटी दशकों से इन जमीनों पर चल रही है। इनको मालिकाना हक देने के बजाय सरकार गरीबों के आशियानों पर बुल्डोजर चला रही है। सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। जगह जगह जिस तरह से प्रशासन बेलगाम होकर गरीबों को उजाड़ रहा है यह कारवाई विचलित कर देने वाली है। उन्होंने कहा कि इन्हीं लोगों के वोटों से भाजपा सत्ता में आयी है और उन्हीं को आज उजाड़ने का काम कर रही है। जिन्हें भी उजाड़ा जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## दहेज की भेंट चढ़ी एक और विवाहिता, दो हिरासत में

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज की खातिर लोभी ससुरालियों ने एक और बहू को फांसी पर चढ़ा दिया। प्रकरण संज्ञान में आने पर पुलिस ने मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर जेलरपुर नूरपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी दीपक भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2018 में उसकी 23 वर्षीय बहन शिवानी शर्मा का विवाह आदर्श नगर काशीपुर निवासी विक्रांत शर्मा के साथ धूमधाम से हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देने के बावजूद विवाहिता का दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका। बताते हैं कि शादी के कुछ समय बाद से ही दहेज की खातिर ससुर संजीव, सास नीलम,जेठ विशाल, जेठानी रश्मि तथा पति दीपक आपस में एक राय होकर उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना की हद होने लगी तो पीड़िता ने इस बात की शिकायत भाई दीपक से की लेकिन उसे लगा( शेष पृष्ठ सात पर)



# किच्छा में हुंडई का सर्विस सेंटर खुला

किच्छा( उद संवाददाता)। हुंडई मोटर्स ने नगर में अपने डिस्ट्रीब्यूटर एंड सर्विस सेंटर का विधिवत शुभारम्भ किया।इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी सुब्रमण्यम ने कहा कि ग्राहको को हो रही असुविधा को देखते हुए कंपनी ने नगर में सर्विस सेंटर एवं डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोलने का निर्णय लिया। उन्होने बताया कि बाजार में लोगों



को नकली माल मिल रहा था जिसकी शिकायतें मिल रही थी। सर्विस सेंटर एवं डिस्ट्रीब्यूटर खुल जाने से हुंडई के ग्राहक अब सीधे कंपनी के संपर्क में रहेंगे और सही माल पा सकते हैं। इस अवसर पर सेंटर के स्वामी राज सुखीजा ने कहा कि नगर में हुंडई के सर्विस सेंटर और डिस्ट्रीव्यूशन का कार्य मिलना एक उपलब्धि है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश गंगवार, गौरव गंगवार, गौरव राजपूत कमलेश, वसीम, नासिर, इस्लाम, कल्पेश,कुंदन,गुड्डू,आशिफ,हरीश, मनोज,गुरबाजसिंह, मनदीप सिंहआदि थे।

# फर्जी आय प्रमाण पत्र लगाने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी योजना का लाभ लेने की कोशिश करने वाले दो आवेदकों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है। आवेदन पत्र के साथ सम्मिलित किये गये आय प्रमाण पत्र के सत्यापन के पश्चात इसका खुलासा हुआ। तत्कालीन तहसीलदार नीतू डांगर की ओर से दर्ज रपट में कहा गया है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी को नन्दा गौरा योजना के आवेदन पत्रों के साथ संलग्न आय प्रमाण पत्रों की जांच के सम्बन्ध में आय प्रमाण पत्रो का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। आय प्रमाण पत्र का सत्यापन तहसील रुद्रपुर के कार्यालय से जारी प्रमाण पत्रो से मिलान कर सत्यापन किया गया तो त्रिलोक सिंह पुत्र जय सिंह निवासी स्वास्तिक इन्क्लेव फुलसुंगा रुद्रपुर के आय प्रमाण पत्र दिनांक 9 जनवरी 2023 को चौरासी हजार रूपये का तहसील रुद्रपुर से निर्गत किया गया है। वहीं अमित कुमार चौहान पुत्र सुशील कुमार चौहान निवासी प्रीत विहार कालौनी रामपुर रोड रुद्रपुर के आय प्रमाण पत्र दिनांक 27 सितम्बर 2022 को एक लाख आठ हजार रूपये वार्षिक का निर्गत किया गया है। किन्तु आवेदनकर्ता द्वारा मूल आय प्रमाण पत्र में कूटरचित कर अढ़तालीस हजार रूपये वार्षिक किया गया जो आपराधिक कृत्य है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फरार तीन वारंटी किये गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।थाना कोतवाली द्वारा वारंटीयों के खिलाफ अभियान चलाते हुए अलग अलग मामलों में लम्बे समय से फरार तीन वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए एस एस आई अर्जुन गिरी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समीम पुत्र लियाकत अली निवासी खान वेल्डिंग



बॉक्स अग्रसेन चौक रुद्रपुर मूल पता न्यू बस्ती खेड़ा, अनिल कोली पुत्र प्रेमपाल कोली निवासी निवासी वार्ड नंबर 6 रम्पुरा तथा इरसाद खान पुत्र जमील अहमद निवासी वार्ड नंबर 29 अंबेडकर मूर्ति सुभाष कॉलोनी के विरुद्ध दर्ज मामलों में काफी समय से फरार थे। उक्त सभी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिस पर तामील करते हुए पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# सीएम धामी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट की मां को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के निवास साऊथ इन्कलेव बडी मुखानी पहुंचकर उनकी माता बीना बिष्ट के स्वर्गवास होने पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी



में हम सब आपके साथ हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, उनके पिता उमेद सिंह बिष्ट, भाई संजय बिष्ट, नगर निगम मेयर जोगेंद्र पाल रौतेला, विधायक राम सिंह कैडा, हेमन्त द्विवेदी, गजराज बिष्ट, अनिल कपूर डब्बू, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी नीलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, रविन्द्र बाली के अलावा परिवार के परिजन मौजूद थे।

# जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर किया मंथन

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर की नवीन कृषि अनाज मंडी सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान की अध्यक्षता में 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान के बारे मैं विस्तार पूर्वक बताया। नवीन मंडी स्थित सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाई गए जनसंपर्क अभियान मै 30 मई से 30 जून के संयोजक सहसंयोजको के साथ योजनाओ रूप रेखा बनाई गई । जिसमें मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कार्यक्रम विधानसभा संयोजक अमरजीत कटवाल, योग दिवस विधानसभा कार्यक्रम




संयोजक अनिरुद्ध राय, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम विधानसभा संयोजक मयंक अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन विधानसभा संयोजक सुरेश लाभार्थी सम्मेलन विधानसभा कार्यकम संयोजक दीपक गुप्ता, ललित सक्सेना, राजू नगदली, अमित रस्तोगी, सत्येंद्र भाकर, अरविंद चौरसिया, आनंद बल्लभ भट्ट, नितिन अरोरा, सौरभ सक्सेना, नरेश ठाकुर, अविनाश बाल्मीकि, सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीना अरोरा मंडल महामंत्री रेखा ठाकुर एवम पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने डीएम से की मुलाकात

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष सलविन्दर सिंह कलसी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह,कोषाध्यक्ष सुखविंदर सिंह एवं सतोख सिंह रंधावा ने जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त से मुलाकात कर किसानो एवं मजदूरो को दिये जा रहे नोटिस पर वार्ता की, जिसमें वर्ग 5, नमी परती नजर, चारागाह आदि की भूमि पर खेती कर रहे किसानो एवं निर्मित



मकानों पर पिछले 50 से भी अधिक वर्षों से काबिज किसानो एवं कालोनी इत्यादि में घर बनाकर रह रहे मजदूरो को हटाने का नोटिस दिया जा रहा है । जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने अदालत के आदेश के अतिरिक्त एवं ग्रामीण क्षेत्र की भूमि पर अभी किसी प्रकार की कार्यवाही न करने का आश्वासन दिया । जिस पर सलविन्दर सिंह कलसी ने कहा कि किसानो से मजूदरों को उजड़ने नही दिया जायेगा एवं शीघ्र ही मुख्य मन्त्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर किसानो एवं मजदूरों की समस्याओं से अवगत करवाकर इसका स्थायी हल निकाला जायेगा । काबुल की तर्ज पर ग्रामीण भूमि की नियमितीकरण की कार्रवाई के साथ भूमि का अधिकार दिलाया जाएगा ।

# बेघरों के पुनर्वास के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम तहसीलदार सितारगंज जगमोहन त्रिपाठी के माध्यम से लालकुआ के नगीना कालोनी में 200परिवारों को प्रशासन द्वारा उजाड़ जाने के बाद बेघर हुए परिवार को पुनर्वास देने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने कहा विगत 40 से 50 वर्षों से लगातार नगीना कालोनी में लोग निवास कर रहे थे।इस दौरान बंगाली समाज के लोगो को नगीना कालोनी में सभी मौलिक अधिकार दिए गए।उत्तराखंड राज्य बनने के बाद कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी की सरकार बारी बारी से बनी। सभी सरकारों के द्वारा इन्हे सभी सुविधाए दी गई,बिजली पानी, सड़क,शिक्षा,राशन कार्ड आधारकार्ड,वोटरकार्ड ,टैक्स इत्यादि तब किसी भी सरकार को ये क्यों नही दिखी। उजाड़ने से पहले इन्हें अन्यत्र बसाने की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए थी। उन्होंने सरकार से मांग किया की अतिशीघ्र उजाडे गए लोगो को पुनर्वासित किया जाए।इस दौरान बंगाली कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष नरेश साना, गोविंद देवनाथ, उत्तम आचार्य, बबीता, विनय कुमार विश्वास, रवि मंडल, मनोज डाकुआ, सुजीत गोलदार, माथुर मंडल, नित्यानंद, बलाई कुमार, पंडित सुकुमार ,दीपक कुमार, ठाकुर, हीरामन ,रोहित सरकार, अनिमेष आदि लोग मौजूद थे।



# जिला महिला चिकित्सालय का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जिला महिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 55 बेड के नये भवन सहित पुराने भवन के मरम्मत कार्यो तथा जिला चिकित्सालय परिसर में ओपीडी, डॉक्टर चौंबर व पार्किंग आदि निर्माण के बावत स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम जिला महिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 55 बैड के नये भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुराने भवन से नये भवन की ओर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण तथा नये भवन के नर्स स्टेशन कक्ष में खिड़की लगाये जाने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय के पुराने भवन के मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था उत्तराखंड हेल्थ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ओटी, लेबर रूम एवं न्यू बेबी बोर्न रूम एक ही जगह पर शिफ्ट



किये जायें। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय की चहारदीवारी को क्षति पहुंचा रहे वृक्षों के कटान के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, डॉक्टर चौंबर एवं पार्किंग आदि के निर्माण की कार्ययोजना 3 दिन के भीतर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि नये निर्माण की प्लानिंग इस प्रकार से की जाय कि वह पुराने भवन से अटैच हो तथा अलग भवन प्रतीत न हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हयांकी, सीएमएस जयराज नबियाल, ग्रामीण निर्माण विभाग से अधिशासी अभियंता वीके जोशी व सहायक अभियंता नीरज ओली आदि उपस्थित थे।

# औद्योगिक इकाईयों की शिकायतों का होगा निस्तारण : डीएम

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उद्योग जगत को अधिक से अधिक फेसीलिटेट किया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शुक्रवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग जगत विकास की रीढ़ है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग जगत को हर संभव मदद आसानी से उपलब्ध कराई जाये। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि औद्योगिक ईकाईयों को अनावश्यक परेशान न किया जाये तथा शिकायत प्राप्त होने नियमानुसार कार्यवाही की जाये ।जिलाधिकारी ने पन्तनगर सिडकुल क्षेत्र गलत लगे बिजली के पोल्स को चिन्हित करने तथा पोल शिफ्टिंग हेतु बजट की डिमाण्ड करने के निर्देश विद्युत विभाग के अभियंताओं को दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु अलग से बैठक आयोजित कराने तथा आगामी बैठकों में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को बुलाने के निर्देश महाप्रबन्धक उद्योग को दिये। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक यूनिटों के लिए सर्किट ब्रेकर्स लगाने के लिए तकनीकि सर्वे कराने के भी निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सिडकुल क्षेत्र सितारगंज सहित विभिन्न क्षेत्रों में यदि उत्तर प्रदेश निर्माण निगम सही से कार्य नहीं करता है तो निगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाये। जिलाधिकारी ने सितारगंज से एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क तक टू-लैन विथ पैव्ड सोल्डर का प्रस्ताव शीघ्रता से शासन में प्रेषित करने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों से कहा कि मजदूरों को समय से वाजिब मजदूरी मिले तथा मजदूरों व सूपरवाइजरो के साथ मासिक बैठके आयोजित की जाये। इस दौरान उद्यमियों ने कहा कि कर्मचारी हमारे अभिन्न अंग हैं तथा कर्मचारियों को ऑनलाइन मॉड में पेयमेंट किया जा रहा है। बैठक में उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि इएसआईसी अस्पताल से सिडकुल के



तक सड़क निर्माण हेतु 3.40 करोड़ रूपये स्वीकृत हैं तथा शीघ्र ही रोड का निर्माण कार्य कराया जायगा। उन्होंने बताया कि सिडकुल पन्तनगर में 18.30 करोड़ रूपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य जारी है तथा 10 दिन के भीतर मुख्य मार्ग का पैंच वर्क पूरा हो जायगा। बैठक में उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, कोषाधिकारी जुबक मोहन, सहित उद्यमी सतपाल सिंह, एस.सिंह, एसके सिंह, बीसी आर्य, अखिल कुमार आदि उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा में कूड़ा वाहन के संचालन का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम सभा पत्थरकुई में ट्रैक्टर ट्रॉली से घर घर से कूड़ा कचरा उठान कार्य प्रारंभ हो गया। ग्राम पंचायत में प्रति परिवार 50 रुपये यूजर चार्ज लिया जाएगा। इसके अलावा अन्य खर्चे ग्राम पंचायत द्वारा किये जाएंगे। शुक्रवार को ग्राम पंचायत पत्थरकुई में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा घर घर से कूड़ा उठान का शुभारंभ ग्राम के बुजुर्ग कुल भूषण एवं ग्राम प्रधान सिल्की खेंडा ने ट्रैक्टर ट्रॉली को हरी झंडी देकर संयुक्त रुप से रवाना किया। इस दौरान गांव के दर्जनों लोग



मौजूद थे। इससे पूर्व पंडित भीष्म दत्त शर्मा द्वारा विधिवत पूजा- अर्चना की गयी। इस दौरान ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा ने कहा कि घर की महिलाओं को घर का कूड़ा फेंकने के लिए घर से बाहर जाना पड़ता था। अब उन्हें अपने घर के गेट से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रतिदिन ग्राम सभा में सुबह सात बजे से आठ बजे तक कूड़ा उठान का कार्य होगा उन्होंने कहा कि प्रति परिवार को 50 रुपये यूजर चार्ज भी देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घर का कूड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली में डालें। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति चंद्र खेड़ा,टीकम खेड़ा,राजकुमार खेड़ा,चिमनलाल,कुलभूषण, सुभाष डूमड़ा,श्याम लाल,पवन कुमार,बंटी कुमार,मनोज गिरी, राधा रानी, संतोष सेतिया सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# टैक्सी चालक ने लूट की झूठी सूचना देकर पुलिस को छकाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक टैक्सी चालक द्वारा पुलिस को लूट झूठी सूचना देना पड़ा भारी बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चालानी कार्यवाही करते हुए उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि 1 जून को थाने पर आए हरेन्द्र सिह पुत्र चन्दन सिह निवासी लछमपुर, गोलापार में बताया कि सूचना कि 31 मई को शाम लगभग 6.30 बजे चोरगलियो रोड रेलवे फाटक के पास से होते हुऐ वह अपने घर को अपनी अल्टो कार संख्या यूके 04 टीए 6554 से जा रहा था। रेलवे फाटक के पास एक औरत, दो युवको व एक बच्चे द्वारा उसे रोककर मोटाहल्दू चलने की बात कही। जिस पर उनको कार में बैठा लिया। उसने बताया कि रास्ते में उन्होंने उसे कोलड्रिंग पिलाकर बेहोश कर दिया और कार व दो मोवाइल फोन व नगदी



7000 रुपए निकाल कर ले गए। जिस पर तत्काल प्रभाव से उनके नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर उनि दीपा जोशी व पुलिस कर्मचारी कानि रिजवान अली, भूपेन्द्र जेष्टा व दिलशाद अहमद द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतू वादी की कार व मोबाईल व नगदी लेकर भागने वालो की तलाश हेतू सीसीटीवी कैमरों को चौक करते हुऐ उक्त कार को यूनिवर्सिटी के पास से बरामद किया गया तथा जांच में पाया गया कि उपरोक्त व्यक्ति द्वारा लूट की झूठी सूचना दी गयी थी । जबकि वास्तविक रूप में ऐसी कोई भी घटना नही हुई थी। थानाध्यक्ष ने बताया जिस पर हरेन्द्र सिंह के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करते हुए चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार झूठी सूचना देने पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के 5 लक्ष्यों की पूर्ति का संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकास खण्ड ब्लाक कार्यक्रम के तहत चयनित आंकाक्षी ब्लाक गदरपुर की समीक्षा बैठक खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर शेखर जोशी की अध्यक्षता में आहूत की गयी । खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने बताया कि आकांक्षी जनपद ऊधमसिंहनगर के विकास खण्ड गदरपुर को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चयनित किया गया है तथा निर्धारित 5 विषयों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा कृषि वित्तीय समावेशन व क्षमता विकास तथा आध



ार भूत संरचना के विभिन्न मानको में प्रतिमाह सुधार लाते हुये लक्ष्य पूर्ति की जानी है, सभी सम्बन्धित विभागो को समन्वयन बनाते हुये समय पर सूचना प्रेषण किया जाना आवश्यक है। जिला लीड ।क्स आशीष भटनागर ने नीती आयोग के आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम की जानकारी दी । बैठक में चिकित्साधिकारी डॉ० संजीव सरना,बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भण्डारी, उपकार्यक्रम अधिकारी अमित मेहरा,बी0एम0एम0 तौफीक मियाँ, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक सुभाष रयाल,सहायक विकास अधिकारी (पं0) राजपाल सिंह चौहान,सहायक अध्यापक अमरजीत बजाज, कनिष्ठ अभियन्ता दामिनी तिलारा, सहायक अभियन्ता मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, हीरा बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किया जनसंपर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि जनपद उधम सिंह नगर में अतिक्रमण के नाम पर बेरहमी के साथ उजाडे जा रहे हजारों लोगों के पुनर्वासन और उनकी मदद किए जाने की मांग को लेकर 5 जून को जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख प्रदेश के पूर्व मंत्री और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।श्रीमती शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह 5 जून को प्रात: 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर धरने को सफल बनाएं।इधर शुक्रवार को श्रीमती शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने विभिन्न बस्तियों का दौरा कर वहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रदर्शन के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसी क्रम में श्रीमती शर्मा और श्री तनेजा संजय नगर भी पहुंचे जहां उन्होंने क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने यहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि प्रशासन द्वारा पिछले दिनों छोटे व्यापारियों और आमजन को अतिक्रमण के नाम पर



उजाड़ दिया गया है लेकिन उनके पुनर्वासन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।जिसके विरोध में श्री बेहड़ के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर 5 जून को प्रात: 11:00 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेस जनों में पूर्व सभासद विकास मलिक, रणजीत तिवारी, सतनाम सिंह, अरुण दास, अरुण साना, बलाई विश्वास, साधन विश्वास, भूपति मलिक, आनंद शर्मा, आशीष बाला, मानिक विश्वास, देवेंद्र साना, मिंटू विश्वास, विकास मलिक, तपन विश्वास, देवानंद स्वर्णकार, परीमल सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने किया।

# बच्चे सीख रहे पंजाबी बोलना व गुरमुखी भाषा लिखना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे कक्षा दो से आठवीं तक के करीब 200 बच्चे पंजाबी बोलने के साथ ही गुरमुखी भाषा लिखना भी सीख रहे हैं। बच्चों को प्रतिदिन कैम्प में भाई दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, हरप्रीत कौर, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा तथा एकता बठला द्वारा पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही



सिख धर्म के गुरू साहिबान की जीवनी, शहीदों का इतिहास, सिख धर्म के मुगले सिद्धांत सहित कई महत्वपूर्ण बातों का ज्ञान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैम्प में बच्चों को दस्तार सजानी भी सिखाई जा रही है। इस मौके पर गुरूद्वारा पहुंचे बच्चों के अभिभावकों ने गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष गुरमति ज्ञान समर कैम्प आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कैम्प में शामिल बच्चों को इस उम्र में ही सिख धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी मिल जाती है। साथ ही बच्चों में अच्छे संस्कारों का भी समावेश होता है। उन्होंने आयोजकों के साथ ही बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे सभी प्रशिक्षिकों व प्रशिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से गुरमत ज्ञान समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया आगामी 13 जून को समापन दिवस पर बच्चों का दस्तार कम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा। साथ ही कैम्प में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, लंगर सेवक किशनपाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# जरूरतमंद महिलाओं को बांटे सूट

गदरपुर(उद संवाददाता)। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा समाज भलाई कार्य के अंतर्गत चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर की बालिकाओं द्वारा तैयार किए



गए वस्त्रों का जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क वितरण किया गया । ग्राम नवाब नगर बग्गी में बाबा भगवंत भजन सिंह जत्थेदार निर्मल तखत दकोहा जालंधर के दिशा निर्देशन में शहीदों की याद में आयोजित किए गए कार्यक्रम में सर्वप्रथम देश एवं धर्म की खातिर शहीद होने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर,भाई तारु सिंह,भाई मनी सिंह, पीर बुधु शाह, जस्सा सिंह रामगढ़िया,बघेल सिंह,जस्सा सिंह आहलूवालिया, हकीकत राय,करतार सिंह सराभा,भगत सिंह, उधम सिंह,बोता सिंह,गरजा सिंह, जय सिंह सहित अन्य शहीदों को नमन किया गया। बाबा भगवंत भजन सिंह ने कहा कि सिख मिशनरी कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे समाज भलाई कार्य के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण शिविर एक सराहनीय कार्य है जिसका प्रत्येक ग्राम शहर में चलाया जाना जरूरी है ताकि जरूरतमंदों की सहायता हो सके और वे स्वरोजगार के लिए अपने पैरों पर खड़े हो सके बाबा भगवंत भजन सिंह, हरमिंदर कौर, रक्षपाल कौर,स.भगवंत सिंह कर्नल हरवीर सिंह एवं परमजीत सिंह द्वारा सिलाई प्रशिक्षण शिविर एवं अन्य धार्मिक प्रचार कार्य हेतु सहयोग प्रदान किया गया । प्रतिदिन गुरबाणी पाठ करने वाले बच्चों को भी शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया । शिविर आयोजक देवेंद्र सिंह,अजैब सिंह धालीवाल, हरभजन सिंह सैनी, हरविंदर सिंह ग्रोवर द्वारा परिवार का आभार जताया गया ।

# वांछित खनन माफियाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे छुटा ले गए थे सीज डंपर

काशीपुर(उद संवाददाता)। वाहन रिलीज कराने के फर्जी दस्तावेज तैयार कर सीज डंपर को पुलिस चौकी से छुड़ाने वाले दो शातिर खनन माफियाओं को पुलिस ने लंबी जद्दोजहद के बाद मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्तों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। वर्ष 2022 की 9 अप्रैल को वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार आर्य द्वारा एक मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसमें वादी ने पुलिस को बताया कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे रॉयल्टी आदि तैयार कर कुछ लोगों ने अनियमितताओं के आरोप में एक सीज डंपर को छूटाकर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 420 467 468 471 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए जब विवेचना शुरू की तो इमरात राय, तहसील स्वार, जनपद रामपुर निवासी इरफान पुत्र सुभान अली तथा अलीनगर तहसील स्वार जनपद रामपुर निवासी उस्मान पुत्र गौहर अली के नाम प्रकाश में आए। इस दौरान कानून को चकमा देकर दोनों लगातार फरार चल रहे थे। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज विनोद जोशी ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ मे पकड़े गए इरफान ने बताया कि साथी उस्मान के साथ मिलकर वह पार्टनरशिप में खनन का कार्य करता है। पुलिस ने जब उसका डंपर पकड़ कर सीज करते हुए रिपोर्ट वन विभाग को भेज दी तो वाहन छुड़ाने में अत्यधिक खर्च आने लगा। इरफान ने बताया कि इस मुश्किल से छुटकारा पाने के लिए उसके दिमाग में फर्जी राइल की तैयार करने का आईडिया आया। उसने पार्टनर उस्मान के साथ मिलकर फर्जी वाहन रिलीज करने के दस्तावेज तैयार कर आए और पुलिस के चुंगल से डंपर छुटाकर भाग निकला। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि शातिर दिमाग बदमाशों की अभी और कुंडली खंगाली जा रही है।


वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# उत्तराखंड में जल्द ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन करेगी सरकार

## जवाबदेयता, जिम्मेदारी, पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए सरकार प्रयासरत : सीएम

हल्द्वानी/चंपावत(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जल्द होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने व रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। सर्किट हाउस काठगोदाम में मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में पर्यटन, तीर्थाटन, उद्योग, स्वास्थ्य, आईटी व अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं है। लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर सरकार बेरोजगारी दूर करने का प्रयास कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित कर वैश्विक समुदाय की औद्योगिक इकाइयों को उत्तराखंड में आमंत्रित किया जाएगा, जल्द ही इसकी तारीख भी तय कर ली जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। श्री धामी ने कहा कि समिट के माध्यम से वैश्विक निवेशक समुदाय के साथ जुड़कर सरकार व निवेशक के पारस्परिक लाभ के लिए साझेदारी की जायेगी। राज्य में बेहतर निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है जिसका सर्वाधिक लाभ राज्य के युवा वर्ग को मिलेगा। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सरकारी विभागों में विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से जनता को समर्पित किया गया है। दूसरी ओर अधिकारियों की जवाबदेयता, जिम्मेदारी, पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए सरकार जन मिलन कार्यक्रम, भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए 1064 हेल्पलाइन नम्बर व विजिलेंस को अधिक सशक्त बनाया गया है। सरकार प्रशासन में भागीदारी और पारदर्शिता के द्वारा भष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए प्रदेश के समस्त कार्यालयों में 1064 नम्बरों को चस्पा कर दिया गया है। मंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रदेश का कोई भी नागरिक इस टोल फ्री नम्बर पर सूचना दे सकता है। इसके अलावा सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे बेहतर हो इस पर सरकार लगातार काम कर रही है। अधिकारियों का दायित्व है कि वे तय समय के भीतर जन समस्याओं का निस्तारण करें। किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जायगी। उन्होंने कहा अधिकारी ससमय अपने कार्यालयों में उपस्थित होकर जनमानस के कार्यों को समय से निस्तारित करना भी सुनिश्चित करें। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार सार्वजनिक सम्पत्तियों के अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को भी नियमानुसार हटाने की तैयारी कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा, चंपावत में क्षेत्रीय जनता व विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जलभराव की समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री ने उपजिलाधिकारी टनकपुर को मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भाजपा हेमा जोशी, जिला महामंत्री भाजपा पूरन मेहरा, अध्यक्ष नगर पालिका टनकपुर विपिन कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत बनबसा रेनू अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश भट्ट, उप जिलाधिकारी टनकपुर सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सीएम ने श्री रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ किया

चम्पावत( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चम्पावत में सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री रीठा साहिब गुरुद्वारा दरबार मे मत्था टेक कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज मुख्य सेवक के रूप में रीठा साहिब जैसे पवित्र स्थल पर अरदास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्री रीठा साहिब में गुरुनानक देव जी ने सत्संग कर दुनिया को प्रेम, सेवा व समर्पण का संदेश दिया था। उन्होंने ने कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी लोक



संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का काम करते हैं। पहले जब संचार और परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं तब इन मेलों और त्यौहारों के द्वारा ही मित्रों और सगे-संबंधियों से मुलाकात संभव हो पाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय में स्थित गुरुओं के पावन द्वार हेमकुंट साहिब की यात्रा का संकल्प लेकर भी अनेक स्थानों से हर साल बड़ी संख्या में संगत हेमकुंट साहिब की यात्रा पर उत्तराखण्ड आती है।उन्होंने कहा कि पहले हेमकुंट साहिब की यह यात्रा कठिन लगती थी पर अब पहाड़ों पर सड़कों के विस्तार हो जाने से सुविधाजनक हो गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हेमकुंट साहिब तक रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर कार सेवा प्रमुख बाबा बचन सिंह, बाबा सुरेन्द्र सिंह, बाबा तरसेम सिंह जी, गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, बाबा जसविंदर सिंह, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा निर्मल महरा, देश विदेश से आए श्रद्धालु, विभिन्न जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने भीमताल व भवाली के होटल व्यवसायियों से लिये सुझाव

भीमताल। राज्यपाल ने भीमताल भ्रमण के दौरान भीमताल व भवाली होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। टीआरएच भीमताल में पदाधिकारियों के साथ बैठक में राज्यपाल ने होटल संचालन में आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की और उनके सुझाव लिए। राज्यपाल ने कहा कि हमें पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व भर के लोग आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन सहित यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ उठाने आते हैं। हमें उन्हें विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रखने के साथ-साथ उनके लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है।इस अवसर पर पदाधिकारियों ने राज्यपाल को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया। पदाधिकारियों ने भीमताल व भवाली में ट्रैफिक जाम की समस्या, वाहनों की पार्किंग की समस्या, रोड कनेक्टिविटी आदि प्रमुख रहीं। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि भीमताल में झील यहां के मुख्य आकर्षण का केंद्र है। झील के सौंदर्यीकरण के लिए ठोस योजना बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने झील में साफ-सफाई, झील के किनारे में सौंदर्यीकरण व फुटपाथ की व्यवस्था और झील के चारों और लाइटिंग की व्यवस्था का सुझाव दिया। उन्होंने उपरोक्त कार्यों को झील विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराए जाने का सुझाव दिया। बैठक में राज्यपाल ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



# प्रतियोगी परीक्षा की व्यवस्थाओं मेंना हो कोई कोताहीः मर्तोलिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया आईपीएस (सेनि) ने 11 जून 2023 को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की आयोजित लिखित प्रतियोगी परीक्षा की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिला कार्यालय में आवश्यक बैठक ली। उन्होने कहा कि आयोग द्वारा प्रतियोगी परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। उन्होने कहा कि पारदर्शी व नकल विहीन परीक्षा कराना हम सब की जिम्मेदारी है, इस लिये किसी भी स्तर पर कोई लापरर्वाही न हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने कहा कि परीक्षा से दो दिन पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों की गहनता से चैकिंग कर ली जाये। उन्होने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस व्यावस्था पर्याप्त हो, इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर वायोमैट्रिक की व्यवस्था के साथ-साथ वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। उन्होने कहा कि परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि जिसको जो दायित्व दिया जाता है वह अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाया जा रहा है, उनमे सीसीटीवी कैमरा आदि की पूरी व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के कार्य सम्पादन हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ परीक्षा तिथि से पूर्व अपने स्तर पर बैठक कर सभी व्यवस्थाएं समय से दूरूस्थ कर लें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की समस्या न हो।बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट आदि उपस्थित थे।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा खोखला साबितः मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि आज देश की लड़कियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार का नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खोखला साबित हुआ है। आज देश भर में लड़कियों की अस्मत को लूटा जा रहा है। लड़कियों के साथ रेप की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड में भी पिछले दिनों अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या कर दी गई लेकिन दोषियों को आज तक सजा नहीं मिली। अब महिला पहलवानों के साथ शारीरिक शोषण और उनके साथ अभद्रता किए जाने का मामला देशभर में सुर्खियों में है लेकिन भाजपा सहित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। श्रीमती शर्मा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के आव्हान पर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थी उन्होंने सिटी क्लब में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि जिस देश में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। उनकी आबरू लूटी जा रही है उन्हें सरेआम बेइज्जत किया जा रहा है ऐसे में केंद्र की भाजपा सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिला पहलवान पिछले 4 महीने से न्याय की गुहार लगा रही हैं लेकिन इन बेटियों की आवाज को सुनने की बजाय उसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह महिला पहलवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी हैं और पूरी महिला कांग्रेस उनके इस संघर्ष में उनके साथ है। इस अवसर पर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने भी प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सपना गिल, निगम पार्षद प्रीति साना आदि उपस्थित थे।



# हर बूथ पर जोड़े जायेंगे बीस युवाः भुल्लर

बागेश्वर(उद संवाददाता)।यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर व सह प्रभारी अरव्या चौहान का यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां अयोजित संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश स्तर पर हर विधानसभा क्षेत्र में बूथ जोड़ो, यूथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके माध्मय से हर बूथ पर 20 यूथ जोड़े जाएंगे। जल्द ही प्रदेश में युवाओं के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा। शुक्रवार को दोनों नेताओं ने नगर स्थित एक पैलेस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश तथा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता त्रस्त है। भुल्लर ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिस तरह बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई लगातार बढ़ रही है यह सब सरकार की विफलता को दर्शा रहा है। युका जल्द सड़क से लेकर संसद तक सरकार को घेरने का काम करेगी। सह प्रभारी चौहान ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा व निकाय चुनाव में लोग भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे। कार्यकर्ताओं को अभी से चुनाव के लिए कमर कसनी होगी। कार्यक्रम का संचालन कवि जोशी व कमलेश गड़िया ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत डसीला, गोपा धपोला जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, रणजीत दास,लक्ष्मी धर्मसत्तू, जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, पू प्रकाश वाछमी, रिजवान खान, खालिद हुसैन, कृष्ण बिष्ट, दर्शन जोशी, संजय जोशी, दान सिंह टंगड़िया, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



# पलायन रोकने में अहम भूमिका निभा सकती है होम स्टे योजना: राज्यपाल

## राज्यपाल ने भीमताल में रॉक हिल इन और महाजन होम स्टे का किया भ्रमण






भीमताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शुक्रवार को भीमताल के भ्रमण पर रहे। उन्होंने भीमताल में बने रॉक हिल इन और महाजन होम स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने होम स्टे संचालकों से जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन उत्तराखण्ड की आर्थिक गतिविधियों का आधार है। होम स्टे योजना पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को होम स्टे में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। सी.डी.ओ डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि इस वर्ष तक कुल 900 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके है जिनकी संख्या गत वर्ष में 200 थी। इस पर राज्यपाल ने सी.डी.ओ की प्रशंसा की और कहा कि इसमें निरंतर और अधिक वृद्धि की जाए। राज्यपाल ने एमडी कुमाऊँ मंडल विकास निगम, डॉ. संदीप तिवारी से कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानों में केएमवीएन की अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाएं। उन्होंने मानसखण्ड क्षेत्रों में होम स्टे के लिए अधिक लोगों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को यहां अधिक से अधिक गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें देश एवं विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के प्रयास करना होगा। इस दौरान राज्यपाल ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर भीमताल क्षेत्र की चुनौतियों व समस्याओं पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि हमें ग्राम स्तर तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास करना होगा जिससे प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि हमें अधिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निजी हितधारकों का सहयोग लेना होगा और उन्हें उनके व्यवसाय हेतु हर संभव सहायता प्रदान कि जाय। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की। भीमताल। भ्रमण के दौरान टीआरएच भीमताल में राज्यपाल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से उनके व्यवसाय में आ रही समस्याओं, चुनौतियों व उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह उत्तराखण्ड में आर्थिक प्रगति ला सकते है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की पैकेजिंग के साथ-साथ अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दे। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के उत्पाद नि:संदेह विश्वस्तरीय हैं उनको केवल ब्रांडिंग की जरूरत है। हमें अपने उत्पादों को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने की जरूरत है जिसमें बेहतर पैकेजिंग मददगार हो सकती है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग भी करें ताकि उनके उत्पादों की जहां बेहतर बिक्री होगी वहीं उन्हें अच्छा मूल्य भी प्राप्त होगा।

# सीएम से मिला एनयूजे (आई) का प्रतिनिधिमंडल



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्रकारों की सुरक्षा, पेंशन प्रकरण तथा विज्ञापन और पोर्टल के लिए नियमावली बनाने सहित कई मुद्दों को लेकर एनयूजे (आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी के नेतृत्व मे प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उन्हे ज्ञापन सौंपा। रास बिहारी ने कहा कि प्रदेश मे पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाये जाने की जरूरत है। पूर्व मे पंतनगर मे आयोजित सम्मेलन मे सीएम ने कानून बनाने का भरोसा दिया था। पत्रकारों के साथ होने वाली घटना को पुलिस सामान्य घटना के तौर पर दर्ज करती है और फिर यह फाइल मे दब जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य मे पत्रकार रजिस्टर बनाया जाय और डेस्क पर कार्य कर रहे पत्रकारों को भी मान्यता दी जाय। सरकार समाचार पत्र और चौनलों को मान्यता देती है, लेकिन उनकी संख्या कम होती है। वास्तविक रूप से कार्य कर रहे पत्रकारों का पंजीकरण होने से फर्जी पत्रकारों पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि फर्जी पत्रकारों की संख्या बढ़ने से असली पत्रकार खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। न्यूज पोर्टल के लिए भी नियमावली बनाई जाए। अन्य राज्यों मे इस तरह की व्यवस्था है। उन्हे विज्ञापन और मान्यता देकर पोर्टल की बाढ़ से बचा जा सकता है। उन्होंने विज्ञापन मान्यता के लिए नियमों को शिथिल करने तथा पेंशन के लिए नियमों मे ढील देने की आवश्यकता है। पेंशन के लिए डेढ़ लाख की आय सीमा को बढ़ाकर 5 लाख करने, सभी पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा कराने और पत्रकारों को सरकारी अतिथि गृहों मे दो दिन तक नि:शुल्क ठहरने की व्यवस्था की जाए। सीएम ने सभी मांगों पर विचार का अश्वाशन दिया। प्रतिनिधिमंडल मे मुख्य सरंक्षक ब्रह्म दत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष संजय तलवार, महामंत्री वीरेंद्र भारद्वाज, रामचंद्र कन्नौजिया, मुकेश वत्स, मनोज पांडे तथा प्रवीन चोपड़ा मौजूद थे।

# चोरों ने खंगाला घर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां एक परिवार के समारोह में जाते ही अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोल दिया और करीब 10 लाख की ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का मुआयना किया। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। जानकारी के अनुसारतल्ली हल्द्वानी सुयाल कॉलोनी निवासी कैलाश परिहार ने बताया कि 26 मई को वह पत्नी, मां और दो बच्चों के साथ हैदराबाद एक समारोह में शामिल होने गए थे। इस बीच घर पर कोई नहीं था। गुरुवार शाम पत्नी व एक बेटे के साथ वापस लौटे तो एक कमरे का सामान अस्त व्यस्त मिला। अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे। छानबीन की तो करीब दस लाख की ज्वेलरी, 40 हजार नकदी सहित बच्चों के गुल्लक गायब मिले। उन्होंने बताया कि चोर मकान के पीछे के हिस्से में लगी खिड़की की ग्रिल, जाली और शीशा तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही घर में जनेऊ संस्कार हुआ था। इसके लिए मां और पत्नी के जेवर लॉकर से निकाले गए थे। अनुमान लगाया कि चोरी 26 या 27 की रात हुई होगी, क्योंकि खिड़की से कमरे में काफी मात्रा में धूल घुसी हुई है। इधर सूचना पर गुरुवार रात ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कोतवाल हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि मकान के पिछले हिस्से में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। आसपास के कैमरों की फुटेज कब्जे में ली गई है। जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।


गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682, चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666, पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084, रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरुनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और नेपाल के रिश्ते

भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक तौर पर मजबूत रहे हैं। लेकिन वक्त के साथ बदलती दुनिया में जिस तरह की नई भू-राजनीतिक परिस्थितियां बन रही हैं, उसमें उतार-चढ़ाव स्वाभाविक है और उसी के मुताबिक दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों को लेकर कई बार अस्पष्टता भी बनी। लेकिन नेपाल के प्रधानमंत्री की ताजा भारत यात्रा से एक बार फिर इन रिश्तों में पुराना दोस्ताना रंग दिखा है। इस दौरान जिस तरह सीमा विवाद सहित कुछ अन्य उलझे हुए मुद्दों को किनारे रख कर बाकी मसलों पर सहमति कायम करके साझेदारी का नया सफर शुरू करने की कोशिश दिखी है, उससे उम्मीद बंधती है कि सीमा से सटे पड़ोसी होने के नाते दोनों देश अब विश्व में बनते नए समीकरण को देख-समझ कर उसी मुताबिक अपने रिश्तों के नया आयाम देने की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ साल छोड़ दिए जाएं तो भारत और नेपाल की मित्रता एक उदाहरण रही है। एक ओर जहां भारत के प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि दोनों देश अपने रिश्तों को हिमालय जितनी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे, वहीं नेपाल के प्रधानमंत्री ने भी सदियों पुराने और बहुआयामी संबंधों को संप्रभु समानता, आपसी सम्मान, समझ और सहयोग के समय की कसौटी पर खरे उतरे सिद्धांतों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता पर आधारित बताया। गौरतलब है कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों में बातचीत के बाद मुख्य बात यह उभर कर सामने आई है कि सीमा विवाद सहित कुछ अन्य मुद्दों को भविष्य में विचार करने के लिए छोड़ कर दोस्ती को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। निश्चित रूप से यह वक्त का तकाजा समझ कर कूटनीतिक मोर्चे पर नए सिरे से विचार करके भविष्य को बेहतर करने की दिशा में बढ़े कदम हैं, जिसमें सभी देशों को यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि आने वाले वक्त में कैसी परिस्थितियां बनने वाली हैं और उसमें उनके नागरिकों के अधिकतम हित कैसे तय हों। इस लिहाज से देखें तो दोनों देशों ने नए सिरे से संबंधों को सद्भाव की बुनियाद पर मजबूती की ओर बढ़ाने का फैसला किया है। यह बेवजह नहीं है कि पिछले कुछ सालों में भारत और नेपाल के बीच आए ठंडेपन के बाद अब सात समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, जिनमें सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन का विस्तार, एकीकृत जांच चौकियों के विकास के अलावा पनबिजली में सहयोग बढ़ाने से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। एक अहम सहमति इस बात पर बनी है कि संशोधित भारत-नेपाल संधि के जरिए यह प्रावधान किया गया है कि नेपाल के लोगों के लिए नए रेल मार्गों के साथ ही भारत की अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का वहां के लोग प्रयोग कर सकें। दरअसल भारत की यह एक वाजिब चिंता रही है कि हाल के वर्षों में चीन ने जिस तरह सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण नेपाल पर अपना प्रभाव कायम करने की कोशिश की है, उससे नई समस्या खड़ी हो सकती है। खासतौर पर इसलिए भी कि चीन का रवैया भारत के प्रति सकारात्मक नहीं है और वह छोटी-छोटी बातों पर भारत को परेशानी में डालने की कोशिश करता रहता है। भारत के सीमावर्ती इलाकों में उसकी अवांछित गतिविधियां अब छिपी नहीं हैं। इसके मद्देनजर नेपाल में उसकी दिलचस्पी की मंशा का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिए अब नेपाल के साथ भारत के संबंधों के नए आयाम खुल रहे हैं, तो यह भारत के लिए कूटनीतिक स्तर पर भी जरूरी पहल है। अब देखना नेपाल को है कि वह वहां के विशिष्ट समूह की रिपोर्ट और सीमा संबंधी कुछ सवालों पर क्या रुख अपनाता है और भारत के साथ संबंधों को किस स्वरूप में आगे बढ़ाता है।

## फिजिकली मेंटली अगर फिट रहना है तो करें केवल योग

आजकल लोग सुबह से लेकर शाम तक अपने काम में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि अपनी सेहत का खयाल नहीं रख पा रहे हैं. इसके कारण आए दिन अस्पतालों का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है. इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को कई जिम्मेदारियों का बोझ, बढ़ती दूरियां और अकेलेपन की वजह से अधिकतर लोगों की जिंदगी की हंसी गायब ही हो गई है. शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का जिक्र आने का मतलब शारीरिक-मानसिक दोनों ही तरह की सेहत पर ध्यान रखने से होता है। इनमें से एक में भी होने वाली समस्या का असर दूसरे स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। हम अक्सर अपने मन और शरीर को अलग-अलग समझते हैं, लेकिन असल में हमारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इन दोनों को ठीक रखने पर जोर देते हैं। नियमित रूप से योगासनों के अभ्यास की आदत आपके लिए काफी मददगार हो सकती है। योगासन, शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के सोथ मन को शांत रखने और चिंता-तनाव जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायक माने जाते हैं। योग विशेषज्ञों के मुताबिक दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके शरीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओंसे परेशान लोगों में हृदय रोग और डायबिटीज जैसी शारीरिक स्वास्थ्य दिक्कतोंका खतरा अधिक होता है। आइए जानते हैं कि रोजाना किन अभ्यास को करके इन दोनों स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सकती है? योग करना हमारी सेहत के लिए लाभदायक है. योगा हमें फिजिकली एवं मेंटली स्वास्थ्य तो रखता है. साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाता है. आजकल लोगों में मेंटली डिप्रेशन बढ़ गया है, जिसकी वजह से लोग हंसना भूल गए हैं. जिसके कारण हमें बहुत सारी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है. जैसे दिल की बीमारी बीपी, शुगर अन्य बीमारिया बढ़ती जा रही हैं. योगा करने से इन सभी बीमारियों से निजात पाया जा सकता है. **प्राणायाम को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा**- नियमित रूप से प्राणायाम के अभ्यास की आदत आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकती है। साल 2013 के एक अध्ययन से पता चलता है कि प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने वाले लोगों में तनाव का स्तर कम पाया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक प्राणायाम, तंत्रिका तंत्र को शांत करता है जिससे आपकी तनाव प्रतिक्रिया में सुधार होता है। तनाव का स्तर कम रहने से हृदय रोगों के विकास का खतरा भी कम हो जाता है। **वृक्षासन योग**-वृक्षासन योग या ट्री पोज कई तरह की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से राहत दिलाने में काफी कारगर अभ्यास हो सकता है। ट्री पोज आपके पैरों के जोड़ और टेंडन को मजबूत करने के साथ शारीरिक संतुलन में सुधार करता है। कमर, जांघों, कूल्हों के अतिरिक्त तनाव को कम करने के साथ मन को शांत रखने और एकाग्रता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ इस योग के रोजाना अभ्यास की सलाह देते हैं। **भुजंगासन योग का अभ्यास**-शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को दूर करने में भुजंगासन योग के अभ्यास को भी विशेष लाभकारी माना जाता है। भुजंगासन योग या कोबरा पोज रीढ़ को मजबूत करने के साथ छाती और फेफड़ों को फैलाता है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर तनाव और थकान की समस्या बनी रहती है उनके लिए भी इसके रोजाना अभ्यास को काफी फायदेमंद माना जाता है। साइटिका और अस्थमा की समस्याओं को ठीक करने के लिए भी नियमित रूप से इस योग का अभ्यास करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। अंततः निष्कर्ष यह निकलता है कि' यदि फिजिकली और मेंटली अपने को स्वस्थ रखना है तो योग से बेहतर उपाय और कुछ नहीं इसीलिए रोज करें योग स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

**-अलका सिंह, योग विशेषज्ञ**

## आपसी संघर्ष में मादा तेंदुए की मौत

पिथौरागढ़। गंगोलीहाट तहसील क्षेत्र के चाक बोरा गांव (राममंदिर) में मादा तेंदुआ मृत अवस्था में मिली है। वन विभाग ने सूचना के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव को नष्ट कर दिया। स्थानीय लोगों ने दूसरे तेंदुए के भी गंभीर रूप से घायल होने की आशंका जताई है। चाक बोरा गांव क्षेत्र में शुक्रवार को व्यस्क मादा तेंदुए का शव दिखाई दिया। ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय दशाईथल में पोस्टमार्टम कराया। पशु चिकित्सक हिमांशु पांगती और आयुष उनियाल ने बताया कि तेंदुए की मौत लंबे समय तक आपसी संघर्ष के कारण हुई है। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग ने शव को जला कर नष्ट कर दिया। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि गांव से लगभग 20-25 मीटर दूर दो तेंदुए आपस में संघर्ष करते देखे गए। तेंदुओं के संघर्ष के कारण ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकले। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को शव दिखाई दिया, जिसकी सूचना उन्होंने प्रधान को दी। वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। ग्राम पंचायत जाखनी उप्रेती गांव में एक बच्चे को मौत के घाट उतारने और एक बलिका को गंभीर रूप से घायल करने वाला तेंदुआ अभी पकड़ में नहीं आ सका है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है लेकिन तेंदुआ अभी तक पिंजरे के आसपास भी नहीं फटका है। जबकि वन विभाग की 20 सदस्यीय टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है।

## चार हत्याओं में फरार ईनामी पिता और पुत्र दो साल बाद गिरफ्तार

रूड़की। चार हत्याओं के मामले में फरार 50-50 हजार के इनामी पिता-पुत्र को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दोनों की निशानदेही पर एसटीएफ ने एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ी खुर्द गांव में छह मई 2021 को परिजन और ग्रामीण एक महिला का शव दफनाकर लौट रहे थे। बीच रास्ते में पहले से बैठे गांव के दूसरे पक्ष के लोगों ने रंजिश में मृतका के परिजनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। गोली लगने से शहजान उर्फ कालू, हुसैन व कैफ और नजीर की मौत हो गई थी। यूनुस ने गांव के 22 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उस समय 14 लोगों को जेल भेज दिया था। पिता-पुत्र अखलाक व शाहरुख तभी से फरार चल रहे थे।एसएसपी की ओर से दोनों पर 50-50 हजार के इनाम की घोषणा की गई थी। इस बीच एसटीएफ भी दोनों की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार रात एसटीएफ को दोनों के देवबंद में होने की जानकारी मिली थी। इस पर टीम ने छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और लक्सर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि दोनों की निशानदेही पर गांव से ही एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## 10 करोड़ की योजना के प्रस्ताव को स्वीकृति देंगे विभागीय सचिव

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल से चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश में बजट के उपयोग के साथ विकास कार्यों की गति तेज होगी। निर्माण परियोजनाओं के लिए अब 10 करोड़ तक प्रस्तावों को विभागीय सचिव, प्रमुख सचिव या अपर मुख्य सचिव स्वीकृत कर सकेंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति (ईएफसी) 10 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर मुहर लगाएगी। मंत्रिमंडल ने बीती 18 मई को शासन स्तर पर विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए ईएफसी के गठन, कार्यक्षेत्र और कार्य प्रक्रिया में संशोधन को स्वीकृति दी थी। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने इन संशोधनों को राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद आदेश जारी किए। बजट खर्च में तेजी और विकास कार्यों को गति देने की दृष्टि से सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शासनादेश के अनुसार ऐसी समस्त योजनाएं, परियोजनाएं, जिनमें किसी एक इकाई पर एक करोड़ या उससे अधिक का वार्षिक आवर्तक खर्च अथवा 10 करोड़ से अधिक का अनावर्तक खर्च निहित हो, ऐसे प्रस्तावों को अनिवार्य रूप से ईएफसी को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। पहले एक करोड़ के स्थान पर 50 लाख और 10 करोड़ के स्थान पर पांच करोड़ के लिए यह व्यवस्था लागू थी। केंद्रपोषित योजनाओं के अंतर्गत नई परियोजना के लिए भी नई व्यवस्था क्रियान्वित की जाएगी। अब छह करोड़ से अधिक की परियोजनाओं अथवा 10 करोड़ से अधिक के पुनरीक्षित आगणनों का परीक्षण ईएफसी ही करेगी। ईएफसी की परिधि से बाहर की परियोजनाओं के प्रस्ताव जिनकी लागत एक करोड़ से 10 करोड़ तक हो, उन्हें प्रशासकीय विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव या अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित विभागीय समिति स्वीकृति देगी। इन प्रस्तावों के परीक्षण के लिए राज्य योजना आयोग के तकनीकी अभियंताओं को अनिवार्य रूप से बुलाया जाएगा। वित्त व नियोजन विभाग परीक्षण के बिंदुओं का समाधान कराएंगे। इससे पहले यह सीमा एक करोड़ से पांच करोड़ तक सीमित थी।

## यूसीसी की अध्यक्ष ने विधि आयोग के अध्यक्ष से की मुलाकात

देहरादून। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट बनाने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई ने कहा कि राष्ट्रीय विधि आयोग यूसीसी के मुद्दे पर काम करने पर विचार कर रहा है। आयोग ने समिति से अब तक किए कार्य के बारे में जानकारी ली है। यह बात उन्होंने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में शुक्रवार को आयोग अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेनि) ऋतुराज अवस्थी व सदस्य केटी शंकरन, आनंद पालीवाल व डीपी वर्मा से मुलाकात के बाद कही। मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, क्योंकि हम इस पर (समान नागरिक संहिता) काम कर रहे हैं और वे भी शायद विचार कर रहे हैं। वे पूछ रहे थे कि हमने क्या कुछ किया। जस्टिस देसाई के मुताबिक, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के संबंध में अभी तक हुए कार्य की सामान्य जानकारी आयोग अध्यक्ष के साथ साझा की गई। यूसीसी पर अभी तक बेसिक कंसल्टेशन के साथ काफी काम हो चुका है। राज्य में सभी हितधारकों से चर्चा हो चुकी है। यूसीसी की उप समितियों ने कई धर्मों, समुदायों, हितधारकों और वर्गों से इस बाबत व्यापक विचार विमर्श हो चुका है। सभी राजनीतिक दलों संग भी बैठक कर ली गई। उनके सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।कहा, अपेक्षा है कि यूसीसी पर बनाया गया हमारा ड्राफ्ट सभी को पसंद आए। यूसीसी पर अभी बैठकें जारी हैं। इस दिशा में हमें सभी समुदायों का सहयोग मिल रहा है। यह पूछे जाने पर कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता समिति द्वारा तैयार होने वाले मसौदे का राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरण किया जा सकता है, कहा, यदि अन्य राज्य भी इसका अनुशरण करेंगे तो अच्छा रहेगा। यूसीसी की विशेषज्ञ समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने कहा, 30 जून तक ड्राफ्ट तैयार करने की पूरी कोशिश है। ड्राफ्ट से पूर्व रायशुमारी का काम पूरा हो गया है। ड्राफ्ट को आपत्ति व सुझाव के लिए सार्वजनिक किया जाएगा या नहीं, यह सरकार के विवेक पर होगा। पूरा होने पर समिति अपना ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी।

## सीएम के सुरक्षा कमांडो प्रमोद की मौत की उलझी गुत्थी, हादसे की भी आशंका

देहरादून। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात कमांडो प्रमोद रावत की मौत अभी रहस्य ही बनी हुई है। पुलिस अभी आत्महत्या और हादसा दोनों पहलुओं को लेकर जांच कर रही है। कमांडो के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें गन शॉट इंजरी यानी गोली लगने से मौत होना पाया गया है। हालांकि, गोली का कोण, दूरी आदि का आंकलन पोस्टमार्टम की अधिकारिक रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। इससे काफी हद तक पुलिस की जांच में मदद मिलेगी। मूल रूप से पौड़ी के रहने वाले प्रमोद रावत 2016 से मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बतौर कमांडो तैनात थे। उन्हें बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री के कुमाऊं दौरे से पहले चंपावत के लिए निकलना था। इसके लिए वह सुबह 11 बजे ही मुख्यमंत्री आवास के पास बनी बैरक परिसर में पहुंच गए थे। इसके बाद उनका शव कमरे में बेड पर मिला था। उनकी राइफल नीचे फर्श पर




पड़ी थी। चर्चाएं हुईं कि वह भागवत में जाने के लिए छुट्टी मांग रहे थे। नहीं मिली तो उन्होंने आत्महत्या कर ली, लेकिन पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि उनकी छुट्टी एडवांस में ही 16 जून से मंजूर हो चुकी थी। पुलिस अधिकारियों ने इसे हादसा भी बताया और कहा कि हो सकता है कि रावत अपनी राइफल साफ कर रहे होंगे या देख रहे होंगे इस बीच गोली चल गई। गोली उनके गले में लगी और गर्दन को छेदती हुई पीछे दीवार में जा घुसी। प्रमोद के शव का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम हाउस में उनके परिजन भी मौजूद रहे। उन्होंने किसी भी पुलिस अधिकारी से बात नहीं की। इसके बाद शव लेकर वह पौड़ी रवाना हो गए। वहां पर प्रमोद के शव का अंतिम संस्कार कराया गया। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि मामले में अभी जांच की जा रही है। पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।

## कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप

रामनगर। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को बाघ का शव मिला। शव मिलने के बाद से ही वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सीटीआर के कालागढ़ टाइगर रिजर्व (केटीआर) वन प्रभाग में शुक्रवार को एक बाघ की मौत का मामला प्रकाश में आया है। महीने भर में इस क्षेत्र में बाघ की मौत का यह तीसरा मामला है। इससे पूर्व 20 मई को एक बाघिन और 5 मई को एक बाघ की यहां मौत हो चुकी है। केटीआर के डीएफओ नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि गश्ती दल को सोना नदी (मोरघट्टी) रेंज की कालू शहीद पश्चिमी बीट में एक बाघ जमीन पर लेटा नजर आया। काफी देर तक उसकी निगरानी की गई। जब बाघ की कोई हलचल नहीं हुई तो गश्ती दल ने नजदीक जाकर देखा तो वह मरा हुआ था। उनकी ओर से आला अधिकारियों को सूचना दी गई। कार्बेट और कोटद्वार से पशु चिकित्सक बुलाकर बाघ के शव का पोस्टमार्टम कर बिसरा सुरक्षित रखवा लिया गया है। बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं। बाघ के शरीर पर दूसरे बाघ के साथ हुए संघर्ष के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मौत की वजह आपसी संघर्ष प्रतीत हो रहा है। मृत बाघ नर है, जिसकी उम्र करीब छह से सात साल है। वन अधिकारियों का कहना है कि बीते पांच मई को इसी क्षेत्र के नलकट्टा में आपसी संघर्ष में एक पांच साल के नर बाघ की मौत हुई थी। वन अधिकारियों को आशंका है कि पांच मई को मारे गए बाघ के साथ हुए संघर्ष में यह बाघ घायल हुआ होगा। जिसे ट्रेस करने का प्रयास चल रहा था। लेकिन यह कहीं दिख नहीं रहा था। इससे पहले बीते 20 मई को सोनानदी के मोरघट्टी व पाखरो क्षेत्र में एक बाघिन की मौत हो चुकी है। तीनों मामलों को वन अधिकारी भले ही स्वाभाविक मौत मान रहे हैं। लेकिन एक माह में बाघ के मरने की तीन घटनाओं से विभाग में हड़कंप मचा है। उधर, केटीआर से सटे कार्बेट के कालागढ़ रेंज में फंदे से बची एक घायल बाघिन का सीटीआर प्रशासन अभी उपचार करा रहा है।

# राहगीरों को पिलाया शरबत

गदरपुर (उद संबाददाता )। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद वार्ड नंबर 10 आजाद नगर में मुस्लिम समाज के युवाओं ने जामा मस्जिद के बाहर छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने बताया कि राहगीरों को शरबत पिलाने का काम मुस्लिम समाज के युवाओं ने किया है। मो. शदाव ने बताया कि समाज को यही बताना चाहते हैं कि जो भी राहगीर भाई हैं और आवागमन कर रहे हैं उन को पानी पिलाने का



काम हर मनुष्य का कर्तव्य तथा धर्म है जो दूसरों को पानी पिलाता है अल्लाह/ईश्वर सदा ऐसे इंसान की मदद करने का काम करते है। उन्होंने बताया कि नगर में उपकार प्रिंटिंग प्रेस के आसपास की दुकानों पर खरीदारी करने वाले पुरुष, महिलाएं भी तपती गर्मी में शरबत पीकर खुश हुए भीषण गर्मी और धूप में शीतल सरवत मिलने पर राहगीरों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान राशिद, गुड्डू, फहीम सकलैनी, वसीम सकलैनी, नईम सकलैनी, सलमान पाशा, एजाज, शमीम, शकील, अफनान, नईम, संदीप, चिंटू, आदि युवा मौजूद रहे।

# आबरू से खिलवाड़ करने के बाद महिला को किया जा रहा ब्लैकमेल

काशीपुर( उद संवाददाता)। महिला को झांसे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा अश्लील फोटो वीडियो के सहारे ब्लैकमेल करते हुए रकम मांगने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि डूगरा कॉलोनी प्रतापपुर निवासी शोएब पुत्र बाबू अली ने एक महिला को भरोसे में लेकर आबरु से खिलवाड़ करने के बाद अश्लील फोटो वीडियो के सहारे उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी युवक उससे रकम की डिमांड कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 384 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# चीमा चौराहे से मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर( उद संवाददाता)। चीमा चौराहे के पास से अज्ञात चोरों ने एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मौला सिंघान निवासी सुरेश कुमार पुत्र ताराचंद्र ने बताया कि बीते 30 मई को उसकी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर संख्या यूके 18एफ/3299 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

# ओलावृष्टि और अंधड़ से राहत

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम के तेवर कुछ नरम हो गए हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छंटने के बाद धूप खिल रही है। मौसम के विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पहाड़ों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। जबकि, मैदानी क्षेत्रों में आसमान साफ रहने के कारण तापमान में वृद्धि होने के आसार हैं। बीते एक सप्ताह से लगातार रुक-रुककर जारी वर्षा-ओलावृष्टि और अंधड़ का क्रम फिलहाल थम गया है। शुक्रवार को ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह से ही धूप खिली रही और दोपहर में तपिश महसूस की गई। हालांकि, कहीं-कहीं आंशिक बादल भी मडंराते रहे। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बादलों का डेरा रहा, जबकि, ज्यादातर क्षेत्रों में धूप खिली। इसके साथ ही पारे में भी कुछ इजाफा हुआ। हालांकि, अभी ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रह सकता है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में चटख धूप खिलने के आसार हैं। जिससे पारा चढ़ सकता है।

# पांच महिला उप निरीक्षकों का स्थानांतरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद की पांच उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। जारी किए गए निर्देश में उन्होंने बताया कि महिला उपनिरीक्षक प्रियंका मौर्या को थाना मुक्तेश्वर से थाना मल्लीताल, महिला उपनिरीक्षक मनीषा सिंह को पुलिस लाइन नैनीताल से थाना मुक्तेश्वर, महिला उपनिरीक्षक पूजा मेहरा को थाना मल्लीताल से थाना भवाली, महिला उपनिरीक्षक ज्योति कोरंगा को क्षेत्राधिकारी कार्यालय हल्द्वानी से थाना हल्द्वानी तथा महिला उपनिरीक्षक निरीक्षक नीतू को थाना हल्द्वानी से थाना रामनगर स्थानांतरित किया गया है।साथ ही सभी से तत्काल अपना कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनता को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ: डसीला

बागेश्वर( उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि कपकोट में एसडीएम, तहसीलदार व बीडीओ जैसे महत्वपूर्ण पद रिक्त हैं। कोई अधिकारी यहां आना नहीं चाह रहा है। । कहा कि नदियों में जेसीबी के माध्यम से खनन कराया जा रहा है तथा बागेश्वर जनपद में अलग ही नियम कानून चल रहे हैं। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कपकोट के कई गांवों का भ्रमण करने के बाद यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि कपकोट में कई माह से उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी का पद लंबे समय से रिक्त है। जो कि शासन व प्रशासन की घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि कपकोट के कई गांव आज भी स्वास्थ्य, दूरसंचार जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। अधिकांश स्कूलों में अध्यापकों की कमी बनी हुई है। कहा कि कपकोट में 35 लाख रूपये खर्च करने के बाद भी साढ़े छह सौ हेक्टेयर भूमि असिंचित ही है तथा इसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। ऐठाण, बमसेरा, खाईबगड़,



भानी, हिचौड़ी, पालीडुंगरी में खेत बंजर पड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो तरह के कानून लागू किए जा रहे हैं उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार नदियों में चुगान से खनन का आदेश है परंतु व्यक्ति विशेष से खनन जेसीबी से करवाया जा रहा है। कहा कि यदि शीघ्र उच्च न्यायालय के आदेश के तहत कार्य नहीं कराया तो कांग्रेस इस पर न्यायालय की शरण लेगीं। इससे पूर्व उनका ग्रामीणों ने कई स्थानों में स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश कांडपाल, डा. मदन मोहन, कमलेश गढ़िया,गौरव परिहार, कुंदन गोस्वामी, हरीश कपकोटी आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने क्षेत्र भ्रमण कर सुनी जनसमस्याएं

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया ने विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भृमण किया। क्षेत्र भृमण के दौरान शामा-भनार घाटी खडलेख, भंनार, नामती चेटाबगड़,भनार घाटी, समाल गाँव, लाथी, किसमिला, कालापैर कापड़ी, सुखचौना के अनेक स्थानों में जनसम्पर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी,साथ ही जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी विभिन्न प्राथमिक समस्याओं की जानकारी ली, वही विधायक गढ़िया ने उनकी समस्याओं को सुनकरअधिकारियों को प्राथमिकता से समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। विधायक गढ़िया ने कहा कि सशक्त एवं समृद्ध कपकोट के संकल्प को साकार करने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे है।कहा कि जनता की समस्याओं को अधिकारी गम्भीरता से लेंगे, साथ



ही विकास कार्यों में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की चेतावनी दी। क्षेत्र भृमण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही, इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, पूर्व प्रमुख मनोहर राम,मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा, कुंजर कोरंगा, कुंदन कोरंगा, ग्राम प्रधान भूपाल राम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दीवार तोड़ दुकान से हजारों की नगदी उड़ाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । पुलिस की रात्रि गश्त के दावों की पोल खोलते हुए अज्ञात चोरों ने भोटिया पड़ाव चौकी अंतर्गत ठंडी सड़क पर स्थित एक आटोमोबाइल की दुकान की दीवार तोड़ कर वहां से हजारों की नगदी चोरी कर ली। दुकान स्वामी की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लाइन नम्बर 10 आजादनगर निवासी मोहम्मद अनस की ठंडी सड़क पर आटोमोबाइल की दुकान है। रात्रि में वह दुकान बंद कर घर को चले गए थे। सुबह उनके पिता रईस अहमद दुकान खोलने के लिए पहुंचे। दुकान खोलकर जब उन्होंने लाइट जलायी तो दुकान के पिछले वाले कमरे की दीवार में बड़ा सुराग देखा। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत अपने बेटे अनस और पुलिस को दी। अनस ने वहां पहुंच कर देखा तो पता चला कि चोर दुकान के गल्ले में रखे 70 हजार रुपये चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच दुकान का निरीक्षण किया। अनस ने पुलिस को बताया कि उक्त रकम में से 50 हजार रुपये किसी को देने के लिए रखे हुए थे। पुलिस दुकान के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है।

# खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगो का रूपया 8 गुना करने का लालच देकर अवैध सट्टा लगवा रहे एक सट्टेबाज को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा टीम द्वारा गश्त के दौरान एक सट्टेबाज को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मुस्तफा पुत्र मो. सलीम, निवासी मलिक का बगीचा थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पेन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 6080 रुपये बरामद हुई। पुलिस ने मुस्तफा के विरुद्ध धारा-13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।




# पूर्व विधायक कुंवर सिंह नेगी के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून (उद संवाददाता)।उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने चमोली जनपद से पूर्व विधायक व कांग्रेस के प्रतिष्ठित नेता कुंवर सिंह नेगी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। स्वर्गीय कुंवर सिंह नेगी को स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के निकटतम साथियों में से एक बताते हुए धरेंद्र प्रताप ने कहा कि स्वर्गीय कुंवर सिंह नेगी सदैव अपनी ईमानदारी और जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे । उन्होंने चमोली के विकास के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए। उन्होंने कहा कि कुंवर सिंह नेगी स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के साथ उस वक्त संघर्ष में डटे रहे जिस वक्त उन्हें कांग्रेस को छोड़कर सड़कों पर आना पड़ा और लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कुंवर सिंह नेगी सिद्धांतों के धनी व्यक्ति थे और सत्ता और संघर्ष में जब भी किसी एक को चुनना पड़ता था तो वे सिद्धांतों के लिए संघर्ष का रास्ता चुनते थे। उन्होंने कहा उनके निधन से गढ़वाल ने अपना एक योग्य सपूत खो दिया है।

## पेज एक का शेष...

**ट्रेन हादसे में अब....**ही नहीं विदेशी राष्ट्र प्रमुखों ने भी इस दर्दनाक रेल हादसे पर दुख जताते हुए अपनी संवदेनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना के संबंध में स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट करते हुए कहा, डॉक्टरों की दो टीमें एम्स भुवनेश्वर से दुर्घटना स्थल बालासोर और कटक के लिए भेजा गई हैं। वहीं रेलवे की ओर से सोरो मेडिकल यूनिट में घायल यात्रियों को 50000 रुपये की अनुग्रह राशि सौंपी गई। भारतीय वायुसेना द्वारा राहत और बचाव कार्यों के लिए 02 एमआई-17 हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया। जमीनी स्तर पर रेलवे अधिकारियों के तालमेल के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया जा रहा है। इसके अलावा कई अतिरिक्त बसों और ट्रेन कोचों का भी इंतजाम किया गया है और फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य की तरफ रवाना किया जा रहा है। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने ट्रेन दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया, यह एक बहुत ही दुखद घटना है, यह जानमाल का बहुत बड़ा नुकसान है।। एनडीआरएफ की नौ टीमें - 300 से अधिक बचावकर्ता (जवान) - एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे इतिहास की तीसरी ऐसी बड़ी घटना है। जिस रफ्तार से तीन ट्रेनें आपस में टकराईं उसके परिणामस्वरूप कई डिब्बे डिरेल हो गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

**गरीबों को अजाड़ने...**है उनके घरों में पानी व बिजली के वैध कनेक्शन हैं। उन्हें सरकारी राशन भी दिया जाता है फिर भी उन्हें अतिक्रमणकारी कहकर उजाड़ने पर तुली है। सरकार की कार्रवाई सरासर अन्यायपूर्ण है। कांग्रेस गरीबों पर हो रहे इस अत्याचार के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। गरीबों को उजाड़ने के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा धामी सरकार सत्ता के घमंड में चूर हो गयी है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए गरीबों को उजाड़ने पर तुली है। उन्होंने कहा कि गरीबों अतिक्रमण के नाम पर हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। पुनर्वास से पहले गरीबों के आशियानों पर बुल्डोजर की कार्रवाई बंद नहीं की गयी तो सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि सत्यापन के नाम पर भी पुलिस प्रशासन गरीबों का उत्पीड़न करने पर तुला है। कांग्रेस जनता के साथ इस अत्वायार को बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला फूंकने वालों में कांग्रेस नेता हरीश पनेरू,पार्षद मोहन खेड़ा, दिलीप अधिकारी, ममता रानी, जिला महामंत्री मदन खन्ना, भूपेंद्र कुमार, अशोक मंडल, गोपाल कृष्ण भसीन, राकेश कोली,अबरार अहमद,सौरभ चिलाना, पवन वर्मा, बिट्टू मिश्रा, सुशील मण्डल, सतीश कुमार, सुनील आर्य, निरोद अधिकारी,विरेन्द्र कोली, राकेश कोली, पप्पू कोली, कृष्ण कोली, चन्द्रपाल कोली, अशोक मण्डल, खगोपति विश्वास, विकास विश्वास, महिपाल, विधान सरकार कृष्ण सरकार, फैजल खान, बाबू खान, निसार खान, जकी रजा, हदीस रजा, विपिन कोली, मनोज कोली, शंकर कोली, शुभम रस्तौगी, सोहिल, लक्की खान, सुलेमान अली, करन साहनी, सज्जन साहनी, अर्जुन साहनी, चन्द्रशेखर, संजीव, फरीद अहमद मंसूरी,अजीम सरकलानी, अनिल मिश्रा, अनिल साहनी, कुंवर पाल कोली, आसिम पासा, छत्रपाल वाल्मीकि,जयपाल सिंह, विकास विश्वास, रमेश भूरा, हरिराम राजपूत, ओमप्रकाश गंगवार, सुरेश यादव, सपना गिल, परवीन खान,सतपला गिरी, दिलशाद अहमद, सुहेल खान, उमा सरकार, बेदी सिकदर, दीप्ती, ममता रानी, बाबू विश्वकर्मा, सुभाष राय आदि शामिल थे।

**कुत्ते का पट्टा...**और उससे खेलने लगा। कार्तिक ने इस पट्टे को दरवाजे के ऊपर से फेंका तो इसका एक छोर दूसरी तरफ कुंडे में फंस गया। इसके बाद उसने दूसरे छोर को अपने गले में डाल लिया। कार्तिक जरा नीचे हुआ तो यह कस गया और वह तड़पने लगा। कार्तिक की बहन ने इस फंदे को पहले तो गले से खोलना चाहा और फिर दरवाजे के पीछे कुंडे से खोलने का प्रयास किया। मगर, दोनों जगह वह असफल हो गई। बच्ची चिल्लाते हुए घर से बाहर निकली तो पड़ोसी वहां पहुंच गए। उन्होंने कार्तिक के गले से यह फंदा निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर आईएसबीटी चौकी से पुलिस फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने आशंका जताई है कि बच्चे का पैर फिसलने से यह फंदा लगा होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**कार खाई में गिरने...**घायलों को सड़क तक पहुंचाया। फिर उन्हें सीएचसी धौलादेवी भेजा गया। हादसे में वैष्णवी को गंभीर चोटें आई हैं। जिसके हाथ और पैर फ्रैक्चर हुए हैं। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल लड़की को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

**दहेज की भेंट ...** कि समय के साथ सब कुछ ठीक हो जाएगा। लोभी ससुरालियों को जब ऐसा लगने लगा कि वह मंसूबे में कामयाब नहीं होंगे तो उन्होंने पीड़िता को शारीरिक व मानसिक यातना देना शुरू किया। इसी बीच विवाहिता 2 दिन पूर्व फांसी के फंदे पर झूलती पाई गई। मायके वालों को जैसे ही इसका पता चला वह दहाड़े मारकर रोते हुए मौके पर पहुंच गए। मृतका के भाई दीपक ने पुलिस को दी तहरीर में साफ तौर पर उपरोक्त पांचों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। उधर मृतका के ताऊ शांति कुमार ने बताया कि दाह संस्कार के बाद वह क्षेत्राधिकारी पुलिस से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

**धामी ने जताया...**लाभ की कामना की है। बता दें, ओडिशा के बालासोर जिले के बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। ट्रेन हादसों में अब तक 280 लोग मारे गए तो वहीं 900 के करीब घायल हैं। यह हादसा भारत में आजादी के बाद से हुए घातक ट्रेन हादसों में से एक है।

**रोडवेज बस पलटने...**बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मामले में पुलिस एवं परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है वही बस में सवार घायल एक यात्री ने बताया कि एक बाइक सवार द्वारा ओवरटेक करने के दौरान यह हादसा हुआ है फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.
RERA
APPROVED
PROJECT
UKREP05230000497
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
125 YARD
DUPLEX VILLA
₹ 46 L
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
घर आपका...
COLOUR
आपकी पसंद का
घर आपका...
TILES
आपकी पसंद की
FREE
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,
86504-18000